# कार्यालय, नगर परिषद फुलवारी शरीफ, पटना।

Email ID- npphulwari @gmail.com

## नगर परिषद् फुलवारी शरीफ क्षेत्रान्तर्गत आपातकालीन स्थिति में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए संवेदकों का सूचीबद्ध करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

## RFP NO-12/2026-27

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग का पत्रांक–04/सड़क–16–38/2025–5564 न0 वि0 एवं आ0 वि0 दिनांक 19.05.2026 के आलोक मे नगर परिषद फुलवारी शरीफ क्षेत्रान्तर्गत आपातकालीन स्थिति में नागरिक सुरक्षा तथा अनिवार्य सुविधा एवं सेवा से संबंधित पुर्नस्थापन (Restoration) तथा मरम्मत के उद्देय से निविदा प्रक्रिया के माध्यम से संवेदकों का सूचीबद्ध किया जाना है।

अतः जनहित में इस कार्य को देखते हुए आपातकालीन स्थिति में किसी भी अनिवार्य कार्य का अद्यतन अनुसूचित दर (SOR) के आधार पर अधिकतम एक लाख रूपयें की लागत तक के कार्य के लिए संवेदको का सूचीबद्ध (Empanelment) हेतु सभी इच्छुक संवेदकों से प्रपत्र ***'क'*** एवं ***'ख'*** में दिये गए प्रारूप में माँगी गई सूचना और आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्ताव ऑनलाईन आमंत्रित किया जाता है।

संवेदकों से प्राप्त आवेदन प्रस्तावों को सशक्त स्थायी समिति के समक्ष नगर परिषद फुलवारी शरीफ कार्यालय के सभागार में खोला जायेगा। निर्धारित तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर निविदा खोली जायेगी।

विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक संवेदक/संस्था किसी भी कार्यदिवस तथा कार्यावधि में नगर परिषद फुलवारी शरीफ कार्यालय में स्वंय अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं।

**नियम एवं शर्तेः–**

1. 10 संवेदको/संस्था को सूचीबद्ध (Empanelment) किया जाना है।
2. एक वर्ष के लिए सूचीबद्ध (Empanelment) किया जाना है।
3. जो संवेदक/संस्था प्रपत्र 'क' के सभी दस्तावेज में सफल होगा उसी संवेदक/संस्था पर विचार किया जायेगा।
4. सफल संवेदको/संस्था के साथ एक हजार के स्टाम्प पेपर पर एकरारनामा के उपरांत कार्य आंवटित किया जायेगा।
5. सूचीबद्धता हेतु संवेदकों से विहित प्रपत्र में प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। प्रपत्र 'क' (मॉडल प्रपत्र संलग्न) में बायोडाटा तथा प्रपत्र 'ख' (मॉडल प्रपत्र संलग्न) में विगत 03 (तीन) वित्तीय वर्षो में संबंधित जिला के नगर निकाय में किये गये कार्यों की सूची एवं संबंधित कार्य अनुभव Completion Certificate संलग्न करना आवश्यक होगा।
6. संवेदक के सूचीबद्ध होने के पश्चात् यदि पाया जाता है कि उनके द्वारा अपने आवेदन में गलत सूचना दी गयी थी तो उनकी सूचीबद्धता तत्तकाल रद्द करते हुए उनके निबंधन को काली सूची में दर्ज कर दिया जाएगा।
7. विहित प्रपत्र 'ख' में उपलब्ध कराये गये सूचना के आधार पर मान्य कार्यों के लिए विगत 03 (तीन) वर्षो में कराये गये कार्यों की कुल राशि (कॉलम 5 का योग) का आकलन करते हुए औसत अनुमान्य कार्य राशि की गणना की जाएगी तथा कुल औसत अनुमान्य कार्य राशि के आधार पर एक क्रमवार सूची तैयार किया जाएगा।
8. सूचीबद्ध संवेदक को क्रमानुसार एक समय एक ही कार्य आमंत्रित किया जायेगा। सभी सूचीबद्ध संवेदकों को कार्य आवंटित होने के पश्चात् पुनः संवेदको का क्रमानुसार कार्य आवंटित किया जायेगा।
9. प्रत्येक कार्य के लिए विभागीय नियमानुसार एकरारनामा किया जायेगा।
10. संवेदक/संस्था का नाम एवं पता, मोबाईल नं0।
11. संवेदक/संस्था का चतुर्थ श्रेणी का निबंधन प्रमाणपत्र की प्रति।
12. पैनकार्ड की प्रति।
13. जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति।

14. संवेदको/संस्था को (3,000/–) तीन हजार रूपये मात्र निविदा फीस जो बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद फुलवारी शरीफ के नाम से भुगतेय होगा जो की अप्रत्यार्पणीय (Non Refundable) होगा।

15. संवेदको/संस्था को (10,000/–) दस हजार रूपये मात्र का अग्रधन की राशि जो बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद फुलवारी शरीफ के नाम से भुगतेय होगा, जो पैनल संवेदकों का एकरारनामा की अवधि के समाप्ति के पश्चात विमुक्त किया जायेगा।

16. निविदादाता को वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (जो की निविदा प्रकाशित होने की तिथि से अधिकतम छः (06) माह पूर्व का न हो) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

17. प्रकाशित होने की तिथि के बाद के तिथि से निविदादाता द्वारा First Class Magistrate/Executive Magistrate के स्तर से निर्गत काली सूची में दर्ज नही होने से संबंधित शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**''मै अद्योहस्ताक्षरी (साफ–साफ बड़े अक्षरोंमें नाम)........................................................................ सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी श्री.......................................................................... शपथपूर्वक घोषण करता/करती हूँ कि :–**

**(क)** मेरे/हमारे विरुद्ध किसी प्रकार का आपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।

**(ख)** मुझे/हमे किसी सरकार/अर्द्ध सरकारी प्रतिष्ठान द्वारा Debar, Blacklisted एव विगत एक **वित्तीय वर्ष के अंदर विखंडित** (Rescind) नहीं किया गया है।

**(ग)** मेरे/हमारा कोई निकटतम संबंधी (अभिप्राय है पति/पत्नी, माता/पिता, भाई/बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) संबंधित कार्य प्रमण्डल नगर निकाय के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता/कार्यपालक अभियंता/प्रमण्डलीय लेखा पदाधिकारी/लेखापाल कार्यो के रुप मे कार्यरत नही है।

18. सभी दस्तावेज स्व अभिप्रमाणित होना चाहिए।

**नोटः– प्रकाशित सूचना में परिवर्तन या बिना कारण बताये प्रस्ताव/अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण को रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।**

# प्रपत्र– ''क''
# (बायो–डाटा)

1. संवेदक का नाम :–
2. पिता/पति का नाम :–
3. वर्तमान पता :–
4. स्थायी पता :–
5. निबंधन नियावली 2007 के अंतर्गत निबंधन संख्या :–
   (स्व–हस्ताक्षरित प्रति संलग्न करें)
6. आधार कार्ड संख्या :–
   (छाया प्रति संलग्न)
7. जी0 एस0 टी0 निबंधन संख्या :–
8. बैंक लेखा की विवरणी
   बैंक का नाम :–
   शाखा का नाम :–
   खाता का प्रकार :–
   आई0 एफ0 एस0 सी0 कोड :–
9. अग्रधन की राशि की विवरणी (मूल में संलग्न करें)
   राशि :–
   बैंक ड्राफ्ट संख्या :–
10. यदि विगत तीन वर्शो में डिवार/कालीकृत किये गये हो तो इसकी विवरणी :–
11. किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक मामले में दण्डित किये गये हो अथवा किसी भी विभाग द्वारा अनुशासनिक कार्रवाई की गई हो तो उसका विवरण :–

मैं घोषणा करता हुॅ कि उपरोक्त वर्णित सभी सूचना एवं संलग्न प्रमाण पत्र पूर्ण रूप से सही एवं मान्य है। उपरोक्त सूचना एव संलग्न प्रमाण पत्र गलत या दोषपूर्ण पाये जाने पर मै विभाग मेरे प्रस्ताव को अस्वीकृत करते हुए मेरे निबंधन को निरस्त/काली सूची में डालने हेतु कार्रवाई कर सकता है।

**संवेदक/आवेदक का हस्ताक्षर**

## प्रपत्र– ''ख''
## (कायानुभव एवं अन्य सूचनायें)

| क्र.सं. | कार्य का नाम | वित्तीय वर्श | एकरारनामा सं0 एवं एकरारनामा की राशि | कराये गये कार्य की राशि |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

संवेदक / आवेदक का हस्ताक्षर